भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
मिनिरत्न श्रेणी-I, सीपीएसई
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Miniratna Category-I, CPSE
(Wholly owned by Government of India)

सपीएमसीआईएल/सत./47/11/खंड–IV/1771 दिनांक : 15.04.2011

परिपत्र

विषय :– निविदाओं तथा निविदाओं पर निर्णय के बाद तत्संबंधी विवरण भाप्रमुमुनिनिलि की वेबसाइट पर डालना।

संदर्भ :– सूचना रिपोर्ट का मासिक प्रसार करना।

यह देखने में आया है कि अनेक सूचनाओं तथा अनुस्मारकों के बावजूद इकाईयां निविदा पूछताछ तथा निविदा पर निर्णय लेने के पश्चात के विवरण भाप्रमुमुनिनिलि वेबसाइट पर नियमित रूप से अपलोड नहीं कर रही है। यह केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार नहीं है। सक्षम प्राधिकारी ने इसे इकाईयों की चूक माना है तथा सभी संबंधितों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि निविदाएं तथा निविदाओं पर निर्णय के पश्चात का विवरण भाप्रमुमुनिनिलि की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए।

2. सभी संबंधित इन दिशा–निर्देशों को कड़े अनुपालन हेतु ध्यान में रखें। यदि भविष्य में इन दिशा–निर्देशों का उल्लंघन जारी रहता है तो इसे प्रथम दृष्टया दिशा–निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन माना जाएगा तथा सतर्कता दृष्टिकोण से देखा जाएगा।

3. इस परिपत्र का यथासंभव व्यापक प्रचार किया जाए तथा सभी संबंधितों की जानकारी में लाया जाए। इस परिपत्र को इकाई की वेबसाइट पर भी डाल देना चाहिए तथा अनुभागीय सूचना पटल पर लगा देना चाहिए।

(ए.के.रे)
उपमुख्य सतर्कता अधिकारी

सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष
(टकसालें/मुद्रणालय/कागज कारखाना)
भा.प्र.मु.मु.नि.नि.लि.

प्रतिलिपि :

1. अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के कार्यपालक सचिव।
2. निदेशक (तक.)/निदेशक (वित्त)/निदेशक (मा.सं)/मुख्य सतर्कता अधिकारी।
3. महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक (निगम मुख्यालय)।
4. प्रबंधक (राभा)।
5. सभी सतर्कता अधिकारी (निगम मुख्यालय/इकाईयां)।
6. सूचना पटल।

011-23701225-26
011-23701141-42
16 वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली – 110001
16th Floor, Jawahar Vyapar Bhawan, Janpath, New Delhi - 110001
फैक्स/Fax : 011-23701223
E-mail : spmcil@rediffmail.com